# कार्यालय जिलाधिकारी, रायबरेली

①

पत्रॉक : 03 / Camp / 21-22 दिनॉक 11-11-21

## कार्यालय ज्ञाप

एतद् द्वारा जल जीवन मिशन के अर्न्तगत जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, रायबरेली " हर घर जल " की बैठक दिनॉक 12/11/21 को 10:00 बजे कलक्ट्रेट स्थिति बचत भवन सभागार में आयोजित की जाती है।

अतः बैठक में समस्त अभिलेखों सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

O/C जिलाधिकारी/
अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
रायबरेली

पृ0सं0 / / दिनॉक

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली।
2. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, रायबरेली।
4. प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आई0आई0डी0ए0), रायबरेली।
5. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रायबरेली।
6. जिला बेसिक अधिकारी, रायबरेली।
7. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिसोर्सेस / सिंचाई, रायबरेली।
8. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउन्ड वाटर, रायबरेली।
9. जिला कृषि अधिकारी, रायबरेली।
10. जिला सूचना एंव जनसम्पर्क अधिकारी, रायबरेली।
11. अध्यक्ष द्वारा नामित इन क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति – जल प्रबन्धन, सामुदायिक स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, रायबरेली।
12. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, रायबरेली।

O/C जिलाधिकारी/
अध्यक्ष जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति
रायबरेली

# जिलाधिकारी रायबरेली की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की आयोजित समीक्षा बैठक दिनांक 12.11.2021 की कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी स्वीकृति समिति की आयोजित होने वाली बैठक दिनांक–14.11.2021 में जनपद के 78 परियोजनाओं के प्राक्कलन (डी0पी0आर0) प्रस्तुत किये जाने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु जिलाधिकारी महोदय, रायबरेली की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। (विवरण संलग्न) समीक्षा के दौरान स्थिति निम्नवत् पायी गयी–

1. अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024 तक हर घर जल का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता मिशन द्वारा इस जनपद हेतु नामित संस्था एन0सी0सी0 लिमिटेड हैदराबाद को प्रथम चरण हेतु 676 राजस्व ग्राम (454 ग्राम पंचायतें) की सूची उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें 500 राजस्व ग्राम नवीन कवरेज, 122 राजस्व ग्राम गुणता प्रभावित एवं 54 राजस्व ग्राम पुनर्गठन पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित हैं।
2. अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 14.11.2021 को एस0एल0एस0सी0 की आयोजित होने वाली बैठक में जनपद के 78 परियोजनाओं के प्राक्कलन (डी0पी0आर0) प्रस्तुत किये जाने हैं, जिनकी सूची सहित एजेण्डा नोट सदस्य सचिव द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित परियोजनाओं के डी0पी0आर0 का परीक्षण जनपद के विभिन्न अधिशासी अभियंताओं यथा–लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से कराया जाये एवं परीक्षणोपरान्त प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पुनः डी0पी0आर0 समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायें। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को यह भी निर्देश दिये गये कि विभिन्न विभाग के अधिशासी अभियंताओं की टीम गठित कर डी0पी0आर0 सम्बन्धित को तत्काल उपलब्ध कराकर सत्यापन कराया जाये एवं सत्यापन रिपोर्ट 03 दिवस के अन्दर गठित टीम से प्राप्त कर पुनः समिति की बैठक आयोजित कराकर डी0पी0आर0 सत्यापन आख्या सहित प्रस्तुत किये जायें।
3. डी0पी0आर0 के सत्यापन हेतु गठित विभिन्न अधिशासी अभियंताओं की टीम को गठित डी0पी0आर0 के नार्म्स का विवरण संलग्न है, जिनके द्वारा सत्यापन के समय यह सुनिश्चित किया जाये कि गठित डी0पी0आर0 नार्म्स के अनुरूप हैं।

उपरोक्त निर्देशों के साथ समिति की बैठक सधन्यवाद सहित समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| 12/11/21 | 12/11/2021 | 12/11/21 |
| अधिशासी अभियन्ता | मुख्य विकास अधिकारी | जिलाधिकारी |
| उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/ | रायबरेली | रायबरेली |
| सदस्य सचिव | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष |
| जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति | जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति | जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति |
| रायबरेली। | रायबरेली। | रायबरेली। |

प्रतिलिपि– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, रायबरेली को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, रायबरेली।
3– अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
4– समिति के सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, रायबरेली।

अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/
सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
रायबरेली।

'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" **(DWSM)**, समिति की दिनांक– 12.11.2021 को आयोजित बैठक की उपस्थिति पंजिका

| क्र0सं0 | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी/अध्यक्ष | [signature] |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष | [signature] |
| 3. | जिला विकास अधिकारी, सदस्य | [signature] |
| 4. | प्रभागीय वनाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य | [signature] |
| 5. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सदस्य | [signature] 12/11/21 |
| 6. | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सदस्य | [signature] 12/11/2021. |
| 7. | अधिशाषी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई | [signature] 12/11/21 |
| 8. | जिला कृषि अधिकारी, सदस्य | [signature] |
| 9. | जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, सदस्य | [signature] |
| 10. | अधिशाषी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव | [signature] 12/11/21. 11:00 am. |
| | | |
| | | |